**राजकीय महाविद्यालय झंडूता ,**
**जिला बिलासपुर,**
**हिमाचल प्रदेश,**
**वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24**

**हमारे आज के समारोह के मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमार जी माननीय पूर्वाध्यक्ष, कृषि उत्पाद विपणन समिति बिलासपुर एवं अन्य उपस्थित अतिथि गण, आप सभी का महाविद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक** पारितोषिक वितरण समारोह के सुअवसर पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत । आज हमारा परम सौभाग्य है कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय राजनेता ने हमारे आग्रह को स्वीकार कर इस समारोह की अध्यक्षता करने का अवसर देकर, हमें अनुग्रहीत किया है। आपने एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हुए अपनी सफलता के शिखर को प्राप्त किया है। आपने जनसेवा का जो मार्ग चुना है, वह वास्तव में आपकी समाज के प्रति बहुत कुछ करने की उत्कृष्ट प्रवृत्ति को दर्शाता है। आपकी कार्यशैली एवं व्यवहार कुशलता से सभी लोग चिर-परिचित हैं। हमारे विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि वे आज ऐसे प्रतिष्ठित एवं विशिष्ट महानुभाव के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत होंगे जो स्वंय लगन, कर्मठता, साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

महोदय,

मैं आपकी अनुमति से सत्र 2023-24 की विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर रहा हूं ।

**महाविद्यालय की स्थापना :-**

इस महाविद्यालय की स्थापना सन 2007 में हुई थी। 9 वर्ष स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में बिताने के उपरांत जुलाई 2016 में महाविद्यालय को अपना भवन मिल गया । वर्तमान में इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के स्नातक स्तर की कक्षाएं चल रही हैं।

**कर्मचारी विवरण:-**

सरकार द्वारा तीनों संकाय के लिए प्राध्यापकों के कुल 19 पद स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें कि कला संकाय में 11 , वाणिज्य में 02 एवं विज्ञान संकाय में 05 प्राध्यापक कार्यरत हैं। महाविद्यालय में प्राध्यापकों का 02 पद रिक्त हैं l कार्यालय स्टाफ के कुल 6 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 2 पद रिक्त हैं। पुस्तकालय में 4 स्वीकृत पदों में 02 पद रिक्त हैं। प्रयोगशाला परिचरों के लिए 5 पदों में से 4 पद भरे हुए हैं। महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय की कक्षाएं 2016 और विज्ञान संकाय की 2017 से प्रारंभ हुई । अभी तक विज्ञान संकाय के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान में कोई भी पद स्वीकृत नहीं है।

महोदय, इस वर्ष निम्नलिखित प्राध्यापक वर्ग व कर्मचारियों ने महाविद्यालय में कार्यभार संभाला :-

- प्रो.रेखा देवी सहायक –आचार्या, समाज शासत्र

- प्रो. सपना शर्मा  सहायक आचार्या रसायन विज्ञान
- प्रो. दीपक शर्मा  सहायक आचार्य संस्कृत विभाग
- श्रीमती पूजा देवी सहायक लाइब्रेरियन

**छात्रों का प्रवेश:-**

इस सत्र में कुल 400  विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनमें से बी.ए प्रथम वर्ष में 80,  द्वितीय वर्ष में 87, तृतीय वर्ष में 115  तथा बीकॉम प्रथम वर्ष में 15 , द्वितीय वर्ष में 18 , तृतीय वर्ष में 34  एवं बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में 18 , द्वितीय वर्ष में 17  तथा तृतीय वर्ष में 16  विद्यार्थी हैं, इनमें से 103 छात्र व 297  छात्राएं हैं।

**कला संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुलयोग |
|---|---|---|---|
| बी.ए.  प्रथम वर्ष | 15 | 65 | 80 |
| बी.ए.द्वितीय वर्ष | 19 | 68 | 87 |
| बी.ए.तृतीय वर्ष | 23 | 92 | 115 |

**वाणिज्य संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुलयोग |
|---|---|---|---|
| बीकॉम प्रथम वर्ष | 08 | 07 | 15 |
| बीकॉम द्वितीय वर्ष | 08 | 10 | 18 |
| बीकॉम तृतीय वर्ष | 11 | 23 | 34 |

**विज्ञान संकाय**

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल योग |
|---|---|---|---|
| बीएससी प्रथम वर्ष | 07 | 11 | 18 |
| बीएससी द्वितीय वर्ष | 09 | 08 | 17 |
| बीएससी तृतीय वर्ष | 03 | 13 | 16 |

**परीक्षा परिणाम:-**

वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत 2023 में तृतीय वर्ष में 131 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 94 विद्यार्थी उतीर्ण हुए l महाविद्यालय का कला संकाय में उतीर्ण प्रतिशत 71%, वाणिज्य में 77% और विज्ञानं संकाय का उतीर्ण प्रतिशत 65% रहा l

**सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ :**

सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की वॉलीबॉल (छात्रा) टीम ने अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया जो राजकीय महाविद्यालय संजौली में आयोजित की गयी थी l इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की छात्र वॉलीबॉल टीम ने राजकीय महाविद्यालय ऊना में आयोजित अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता और कुश्ती टीम ने गायत्री शिक्षण संस्थान मंडी में आयोजित अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया I

**केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद (CSCA) :**

लिंगदोह समिति की सिफारिशों तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रति वर्ष महाविद्यालय में केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद् का गठन मैरिट के आधार पर होता रहा है। इस वर्ष भी केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन किया गया है जिसमें ओजस्वी बी.ए .तृतीय वर्ष को अध्यक्ष, नीतिका बी.एस.सी तृतीय वर्ष को उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार बी.कॉम. प्रथम वर्ष को सचिव, तथा भव्या बी.एस.सी . द्वितीय वर्ष को सहसचिव पद पर मनोनीत किया गया l इसके अतिरिक्त 19 अन्य छात्रों को मैरिट के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि, क्लब प्रतिनिधि , NSS प्रतिनिधि एवं सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया l

**गृह परीक्षा**

महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में प्रो. राजेंदर कुमार के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । जो विद्यार्थी किसी कारणवश उक्त परीक्षा नहीं दे पाए उन्हें पुनः एक विशेष अवसर प्रदान किया गया ताकि वार्षिक परीक्षा में बैठने की उनकी पात्रता सुनिश्चित की जा सके। समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिकी परीक्षा एवं प्रदत्त कार्य सभी विभागों द्वारा सम्पन्न करवाए गए।

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ:**

वर्ष 2023 -24 में प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ इस प्रकार से हैं :

- प्रो. सतीश कुमार, सह-आचार्य भौतिकी विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन, राजकीय महाविद्यालय पांगी, क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर और राजकीय महाविद्यालय मण्डी में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किये। साथ ही आपने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर तथा राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किये। इसके अतिरिक्त आपने रामानुजम् महाविद्यालय द्वारा भौतिक विज्ञान में आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher course) और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय पर आयोजित संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया ।

- प्रो. बिहारी लाल सह-आचार्य अर्थशास्त्र विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी और राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर, राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट तथा राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शोधपत्र प्रस्तुत किये।

- प्रो. राजेंदर कुमार सहायक आचार्य भूगोल विभाग ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, राजकीय महाविद्यालय नादौन, राजकीय महाविद्यालय पांगी में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी और कैरियर प्वांइट विश्वविद्यालय कोटा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किये।

- प्रो. बलबीर चंद, सहायक आचार्य संगीत विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन, राजकीय महाविद्यालय आनी, तथा क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी और राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किये।

- प्रो. सुरेश कुमार शर्मा, सहायक आचार्य वणिज्य विभाग ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में **09** फरवरी को मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमशीलता पर व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया।
- प्रो. शालिनी, सहायक आचार्या राजनीति विज्ञान विभाग ने बिलासपुर अस्पताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया I
- प्रो. रेखा शर्मा, सहायक आचार्या गणित विभाग ने रामानुजम् कॉलेज शिक्षण केंद्र दिल्ली विश्विद्यालय द्वारा आयोजित दो सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I इसके अतिरिक्त आपने राजकीय महाविद्यालय भदेरवाह, जम्मू & कश्मीर, द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय कार्यशाला, राजकीय महाविद्यालय CSSR & SRRM द्वारा आयोजित 5 दिवसीय अंतराष्ट्रीय FDP, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित FDP और राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित FDP में भाग लिया I

- प्रो. कमलेश कुमारी , सहायक आचार्या जन्तु विज्ञान विभाग ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी और राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में

शोधपत्र प्रस्तुत किए एवं जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित FDP में भाग लिया I

- प्रो रंजू कुमारी, सहायक आचार्या संगीत विभाग ने रामानुजम् कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I आपने यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I
- प्रो अर्चना शर्मा, सहायक आचार्या हिन्दी विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया Iइसके अतिरिक्त आपने राजकीय महाविद्यालय जुखाला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा रामानुजम् कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्विद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I
- प्रो. पंकज शर्मा, सहायक आचार्य इतिहास विभाग, राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया I इसके अतिरिक्त आपने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया और रामानुजम् कॉलेज शिक्षण केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I
- प्रो प्रतीक देसवाल , सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन और राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किए I
- प्रो. नितेश कुमार, सहायक आचार्य रसायन विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया I साथ ही आपने NIT हमीरपुर द्वारा आयोजिय e –फैकल्टी विकास कार्यक्रम में भाग लिया I
- प्रो सपना शर्मा, सहायक आचार्या रसायन विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I
- प्रो रेखा देवी, सहायक आचार्या समाजशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I
- प्रो दीपक शर्मा, सहायक आचार्य संस्कृत विभाग ने SCERT सोलन में आयोजित Induction Training में भाग लिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम(Refresher course) में भाग लिया I इसके अतिरिक्त आपने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया I

**महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन:-**

- 14 सितम्बर 2023 को हिन्दी राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाषा संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में गैएटी थिएटर, शिमला, में भाग लिया I
- साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष पर भाषण, निबन्ध लेखन, कविता पाठ, हिन्दी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि अनेक प्रतियोगिताएं करवाई गई।

- महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन  प्रतियोगिताओं का समय समय पर आयोजन किया गया।
- 10  नवंबर  को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें उन्होंने अपने कौशल से पर्यावरण  के संरक्षण का सन्देश दिया l
- 28 फ़रवरी 2024 को महाविद्यालय के विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जिसमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने व्याख्यान के माध्यम से विज्ञान के महत्व को ऊजागर किया l

**विकासात्मक गतिविधियां:**

महोदय, यद्यपि हमारे पास संसाधनों का  अभाव है फिर भी  विद्यार्थियों को सुविधा देने का हमारा प्रयास निरंतर जारी है। महाविद्यालय में विज्ञान  भवन का कार्य वर्तमान में स्थगित है और  इसे पुन: शुरू करने के लिए विभाग के साथ  बजट  के लिए  पत्राचार किया जा रहा है  ।

**रेड रिबन क्लब (Red Ribbon club)**

प्रो. शालिनी के नेतृत्व में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया l  इस क्लब के तीन सदस्यों और एक नोडल ऑफिसर ने बिलासपुर ज़ोनल हस्पताल में एड्स पर एक दिवसीय संगोष्ठी में हिस्सा लिया ।रेड रिबन क्लब के ड्रामा क्लब ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया और राज्य स्तर के प्रतियोगिता में गेयटी थिएटेर, शिमला  में भाग लिया। एड्स जागरूकता शिविर बिलासपुर में आयोजित मैराथन  रेस में अंजना  देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया  Iइसके अतिरिक्त रेड रिबन क्लब ने अनेक पोस्टर-मैकिंग और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया I

**आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ : (IQAC-CELL)** महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ गठित किया गया है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सतीश कुमार  हैं। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सरकारी स्तर पर मिलने वाले वित्तीय प्रावधानों से सम्बन्धित अनिवार्य औपचारिकताओं के निर्वहन हेतु महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) के प्रमाणन से सम्बन्धी आवश्यक दस्तावेज जुटाने का महत्वपूर्ण दायित्व निर्वाह इस प्रकोष्ठ द्वारा दक्षता के साथ किया गया है व महाविद्यालय को 'सी' श्रेणी की मान्यता प्राप्त है।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रकोष्ठ : (UGC-CELL)** महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी  प्रो. सतीश कुमार  हैं। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय को केन्द्र सरकार के इस उपक्रम से सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करवाने में सक्षम रहा है। UGC द्वारा महाविद्यालय को 2f एवं 12B की सूची में सम्मिलित किया गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को स्थायी रुप से सम्बद्धता प्रदान की गई है।

**व्यवसाय मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ (CAREER COUNSELING & GUIDANCE CELL):**

विभिन्न व्यवसायों से संबंधित परामर्श एवं मार्गदर्शन हेतु महाविद्यालय में इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर बलबीर चंद हैं l  इस प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृति योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु 14 अकतूबर  2023 को प्रो सतीश  कुमार  द्वारा   व्याख्यान के माध्यम से जानकारी

दी गई I अपने भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए इस सत्र में दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को इस प्रकोष्ठ द्वारा एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी घुमारवीं श्री चंद्र पाल सिंह ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जीवन में सघर्ष करके सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी I

**रोवर और रेंजर (ROVER & RANGER) :**

महाविद्यालय में रोवर एण्ड रेंजर क्लब ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया । NSS के अतिरिक्त यह दूसरी सामाजिक योजना है जो विद्यार्थियों में अनेक गुणों का संचार करती है। 06 अक्टूबर-2018 को इस यूनिट की महाविद्यालय में शुरूआत हुई। इसमें 16 विद्यार्थी रोवरस और 24 विद्यार्थी रेंजर्स के रूप में पंजीकृत हैं। रोवर प्रभारी प्रो० नितेश कुमार व रेंजर प्रभारी प्रो० रेखा देवी महाविद्यालय में कार्य कर रहे है। महाविद्यालय में इस इकाई द्वारा स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष 04 रोवर एवं 06 रेंजर्स ने राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में भाग लिया जो स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवाल्सर में आयोजित हुआ l

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):**

इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्य कर रही है जिसमें 78 स्वयंसेवी पंजीकृत है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. प्रतीक देसवाल के मार्गदर्शन में NSS की स्थानीय इकाई द्वारा सत्र 2023 -24 में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई:

1. 23-अगस्त-2023 से 29-अगस्त-2023 तक **"मेरी माटी मेरा देश"** अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के NSS स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण का आयोजन किया और रैली निकालकर लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा की ।
2. NSS स्वयं सेवियों ने 21 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया I
3. 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस के मौके पर महाविद्यालय के स्वयं सेवियों ने कार्यशाला का आयोजन किया और प्राचार्या अंजु बाला शर्मा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना पढ़कर, उसके प्रति अपने कर्तव्य एवं अधिकारों का निर्वहन करने हेतु प्रतिज्ञा ली I
4. 02 अकतूबर 2023 को महाविद्यालय के स्वयं सेवियों ने स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन के अंतर्गत महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कैंपस की सफाई, झाड़ियों को काटना तथा स्वच्छता रैली आयोजित की गयी।
5. 01 दिसम्बर 2023 को स्वयं सेवियों ने अंतरराष्ट्रीय एड्स दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन किया और रैली के माध्यम से लोगों में इस बीमारी के प्रति भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया I
6. NSS इकाई द्वारा 23 दिसम्बर 2023 से 29 दिसम्बर 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। विशेष शिविर के दौरान स्वयं सेवियों ने कैंपस और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान का आयोजन किया l
7. महाविद्यालय की राष्ट्रीयसेवा योजना इकाई की स्वयंसेवी अंजना का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए राज्य स्तर पर हुआ।

महाविद्यालय में इस सत्र में नवीन पहल करते हुए पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिनमे (Best out of waste) बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, इको-ब्रिक्स (eco-

bricks), बायो-एंजाइम  (Bio-enzymes)जैसी  कार्यशालाएं करवाई गयी  जिनमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई l इसके अन्तर्गत प्रो. रंजू कुमारी ने  10 नवंबर 2023 को बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई  जिसमे विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोग में लाने के लिए नए मोडल्स तैयार किये और पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश दिया l

**छात्रवृत्तियाँ :-**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष 2023-24 में महाविद्यालय के 82 छात्रों ने आवेदन किया है।

| वर्ग | फ्रेश | रिन्यूवल |
|---|---|---|
| कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 04 | 12 |
| अनुसूचित जाति (SC) | 18 | 06 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 04 | 03 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) | 00 | 01 |
| महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केन्द्रीय छात्रवृति (CENTRAL SECTOR SCHEME OF SCHOLARSHIPS FOR COLLEGE AND UNIVERSITY STUDENTS) | 09 | 12 |
| IRDP | 09 | 04 |

**अध्यापक-अभिभावक संघ (PTA)**

किसी भी शिक्षण संस्थान को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है | इस सन्दर्भ में 08 अकतूबर 2023  को प्राचार्या महोदया की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन हुआ | इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।

- श्री बिशन दास  -  प्रधान
- श्री सुनील कुमार  –उप प्रधान
- प्रो.  सुरेश कुमार शर्मा –सचिव
- श्री रतन सिंह – सह सचिव
- श्री तिलक राज – कोषाध्यक्ष
- श्री दलजीत सिंह कटवाल – मुख्य सलाहकार

**वार्षिक पत्रिका(रुक्मणी धारा)**

**मुख्य सम्पादक :-प्रो. सतीश कुमार**

विद्यार्थियों की संरचनात्मक व लेखन सम्बन्धी प्रतिभाओं को निखारने हेतु महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष "**रुक्मिणी धारा**" नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। सत्र 2023-24 की महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन कार्य प्रगति पर है। इस पत्रिका में लेख हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, पहाड़ी एवं योजना अनुभागों में संग्रहित किये जाते हैं।

**विकास के लिए अपेक्षाएं :-**

मान्यवर विकास एक सतत प्रक्रिया है तथा इस महाविद्यालय को समग्र विकसित संस्थान का रूप देने के लिए अभी तक बहुत कुछ करवाना शेष है। जिसके लिए आपका अनवरत सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। मैं कुछ मुख्य समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ :-

- विज्ञान भवन का शिलान्यास 8 मार्च 2019 को हुआ, विज्ञान भवन के लिए अतिरिक्त 7 बीघा भूमि का अधिग्रहण किया गया। अब महाविद्यालय के पास कुल 22.6 बीघा भूमि है। विज्ञान भवन के लिए 10 करोड़ 9 लाख की राशि स्वीकृत है और हमे उम्मीद है कि कि आने वाले समय में शीघ्र ही विज्ञान संकाय का निर्माण पुन शुरू होगा।
- खेलों के महत्त्व के दृष्टिगत , विद्यार्थियों के लिए बास्केटबॉल, वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जाना चाहिए।
- महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक एवं वनस्पति विज्ञान प्राध्यापकों के अपेक्षित पद सृजित करवाकर प्राध्यापकों की यथाशीघ्र व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे क्षेत्र के विद्यार्थी विशेषत: छात्राएं लाभान्वित हो सके।
- इस सत्र में विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स जैसे BBA, BCA विषय को चलाने का प्रयास किया जाना चाहिए।
- कार्यालय कार्य को कागज़ विहीन (Paperless) बनाने तथा ऑनलाइन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास करना भी हमारा लक्ष्य है।

हम मुख्यातिथि महोदय के आभारी है जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से कुछ समय निकाल कर हमें अनुगृहीत किया। मैं उन सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूँ, जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। पुरस्कार सम्मान का द्योतक होता है तथा जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करता है। जो विद्यार्थी किसी कारण से इस अवसर से चूक गए हैं, वे भविष्य में कड़ी मेहनत करके प्रतिस्पर्धा में आ सकते हैं। इस वर्ष स्नातक स्तर तक का अध्ययन पूर्ण करने वाले समस्त विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देता हूँ तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभेच्छा करता हूँ। मैं इस क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, जन प्रतिनिधि, अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी एवं पूर्व छात्र संघ का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करता हूँ। अच्छे परीक्षा परिणाम, खेल क्षेत्र में सुविधाओं का प्रयास

महाविद्यालय में सतत अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का श्रेय मेरे सहयोगी कर्मठ  प्राध्यापकों, कुशल कार्यालय कर्मचारियों एवं अनुशासित-छात्र समुदाय को जाता है, जिसके लिए वे भी धन्यवाद के पात्र हैं। मैं अन्त में एक बार पुनः मुख्यातिथि  महोदय एवं गणमान्य अतिथियों का हमारे बीच उपस्थित होने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता  हूँ।

**जयहिन्द, जय हिमाचल**

प्रो. सतीश चंदेल
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय झंडूता

जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश